# 41,208 लोग घर बैठे–बैठे मोर संगवारी योजना 14545 पर कॉल कर के लाभ ले चुके हैं

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में देने के लिए मोर संगवारी सेवा योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को बुला सकते है। आवश्यकता अनुसार जो भी प्रमाण पत्र बनवाना है, उससे संबंधित दस्तावेज देकर प्रमाण पत्र बनवा सकते है। एजेंट दस्तावेज लेकर कम से कम समय में आपके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर देगें। जिससे आपको कही आने जाने एवं सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इससे समय एवं पैसे की भी बचत होगी। शासन की यह सबसे सस्ता एवं अच्छा योजना है, नागरिक इसका भरपुर लाभ उठावें। मोर संगवारी से नागरिको को 27 प्रकार के सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है, अभी तक घर बैठे बैठे कितने प्रकार के लोग सुविधा पा चुके हैं। विवाह प्रमाण पत्र 2856, मृत्यु प्रमाण पत्र 1339, जन्म प्रमाण पत्र 2182, दुकान एवं स्थापना पंजीयनध्गुमस्ता लाइसेंस 355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12857, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13462, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1358, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3420, एपीएल राशन कार्ड 266, विवाह सुधार 133 इस प्रकार कुल 41208 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। नागरिको को पहले यही सब प्रमाण पत्र बनाने नगर निगम भिलाई में आकर अपना समय एवं पैसा खर्च करना पड़ता था। अब यही काम घर बैठे कम से कम समय पर हो जा रहा है। इसके लिए मात्र 50 रूपये खर्च करके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर दिया जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का क्षेत्र के सभी नागरिको से अपील है कि शासन द्वारा यह योजना आपके सब के लिए चलाया जा रहा है। इसमें कम से कम समय पर अपने आवश्यकता के सभी प्रमाण पत्र बनवा सकते है। इसका लाभ अवश्य उठावें।

